उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

BOARD OF SCHOOL EDUCATION UTTARAKHAND, RAMNAGAR (NAINITAL)

Phone No-05947-254275 E-mail: secy-ubse-uk@nic.in Website- www.ubse.uk.gov.in

महत्वपूर्ण / ई–मेल

प्रेषक,

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड।

पत्रांक–उ०वि०शि०प० / शोध / पाठ्यक्रम (2026–27) / 01–10 / 2026–27 दिनांक 02 अप्रैल, 2026

विषय– सत्र 2026–27 हेतु हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट स्तर पर संचालित विषयों का पाठ्यक्रम परिषद् की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्रांक–उ०वि०शि०प० / शोध / पाठ्यक्रम(2026–27) / 328–35 / 2025–26 दिनांक 31 मार्च, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से सत्र 2026–27 हेतु हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट स्तर पर संचालित विभिन्न विषयों का पाठ्यक्रम सत्र 2025–26 हेतु परिषद् द्वारा जारी किये गये पाठ्यक्रम की भाँति यथावत् रहने से अवगत कराया गया था। तद्क्रम में सुलभ सन्दर्भ हेतु सत्र 2026–27 का पाठ्यक्रम परिषद् वेबसाइट https://ubse.uk.gov.in के Research & syllabus लिंक पर अपलोड किया गया है। इस सम्बन्ध में यह भी अवगत कराया जाना है कि–

1. हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट स्तर पर संचालित विभिन्न विषयों के सैद्धान्तिक भाग का पाठ्यक्रम तथा प्रोजेक्ट / आन्तरिक मूल्यांकन / प्रयोगात्मक परीक्षा सम्बन्धी आवश्यक दिशानिर्देश अपलोड किये गये हैं।
2. सम्पूर्ण पाठ्यक्रम की शिक्षण–अधिगम–आकलन प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाना आवश्यक है। यदि पाठ्यक्रम में ऐसी विषयवस्तु सम्मिलित हैं जो निर्धारित पाठ्यपुस्तक में उपलब्ध नहीं हैं, तो विषयाध्यापक उन विषयों के आवश्यक नोट्स विद्यार्थियों को प्रदान करेंगे। साथ ही विद्यार्थियों में न केवल पाठ्यपुस्तकों में दिए गए अभ्यास प्रश्नों को हल करने की दक्षता विकसित की जानी है, बल्कि पाठ्यक्रम से सम्बन्धित अतिरिक्त प्रश्नों को समझने और समाधान करने की क्षमता भी विकसित की जानी आवश्यक है।
3. एन0ई0पी0 2020 एवं एन0सी0एफ0–एस0ई0 2023 की अनुशंसाओं के आलोक में परख, एन0सी0ई0आर0टी0 नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी परीक्षार्थियों को परिषदीय परीक्षा के प्रति सहज बनाने व भयमुक्त वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से परिषद् द्वारा प्रथम चरण में चयनित विषयों में दक्षता आधारित व उच्च स्तरीय चिन्तन कौशल प्रकार के प्रश्नों का एक प्रतिदर्श प्रश्न बैंक निर्मित किया गया है जो परिषद् वेबसाइट के 'PARAKH' लिंक पर उपलब्ध है। इस प्रश्न बैंक से भी परीक्षार्थियों को परिचित कराते हुये उनके अभ्यास हेतु प्रेरित किया जाय।
4. हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट स्तर पर विषय संयोजन, उत्तीर्णता मापदण्ड व कृपांक व्यवस्था तथा गृह व परिषदीय् परीक्षा के व्यक्तिगत परीक्षार्थियों से सम्बन्धित दिशानिर्देश पूर्व की भांति यथावत हैं। इसी प्रकार इकाई परीक्षा व प्रोन्नति सम्बन्धी आवश्यक दिशानिर्देश व नियम भी पूर्व की भांति यथावत रहेंगे।
5. **व्यावसायिक शिक्षा विषय** केवल राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड द्वारा चयनित राजकीय विद्यालयों में ही संचालित किये जायेंगे। साथ ही व्यावसायिक शिक्षा विषयों में हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट स्तर पर व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का पंजीकरण कदापि नहीं किया जाना है। विचलन की स्थिति में सम्बन्धित संस्थाध्यक्ष उत्तरदायी होंगे।

उपरोक्त क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि इस सम्बन्ध में अपने जनपद के समस्त अधीनस्थ अधिकारियों, संस्थाध्यक्षों, विषयाध्यापकों व विद्यार्थियों को यथाशीघ्र अवगत कराने हेतु आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

2/4/2026

(वी0पी0 सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

पृ0स0: उ०वि०शि०प०/शोध/पाठ्यक्रम (2026–27)/01-10/2026–27 दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपि निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/सभापति, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, देहरादून।
4. निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. अपर निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
6. मण्डलीय अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल/गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) उत्तराखण्ड ***(सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से)***।
8. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड ***(सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से)***।
9. समस्त संस्थाध्यक्ष उत्तराखण्ड ***(सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से)***।

2/4/2026

(वी0पी0 सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।